नवाचार हाइवे में मवेशियों की वजह से होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयास, चिन्हित होंगे संवेदनशील क्षेत्र

हाइवे के पास बनाई जाएंगी अस्थाई गौशालाएं

नवभारत, कटनी। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर निराश्रित गौवंश और आवारा मवेशियों के कारण लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए प्रशासन ने नई कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत हाईवे से सटे संवेदनशील क्षेत्रों में अस्थाई गौशालाएं बनाई जाएंगी, ताकि सड़क पर घूमने वाले मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखा जा सके। बहोरीबंद अनुभाग में इस योजना को लागू करने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कटनी-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाम 5 बजे के बाद काफी संख्या में निराश्रित गौवंश और अन्य मवेशी सड़क पर आ जाते हैं। इससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और कई बार लंबा ट्रैफिक जाम भी लग जाता है। इन हादसों में अब तक कई लोगों की जान तक जा चुकी है, जबकि अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम नेगवां से लेकर ग्राम छपरा तक का हाईवे सबसे अधिक संवेदनशील है। यहां दोपहर बाद और विशेषकर शाम के समय मवेशियों की आवाजाही बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए संबंधित ग्राम पंचायतों को हाईवे किनारे तत्काल अस्थाई गौशालाएं बनाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखा जा सके। प्रशासन ने इन अस्थाई गौशालाओं के संचालन की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी है। समूह की महिलाएं मवेशियों के लिए चारा-पानी, शेड और देखरेख की पूरी व्यवस्था करेंगी। इससे सड़क सुरक्षा के साथ ग्रामीण महिलाओं को रोजगार का अवसर भी मिलेगा।

प्रशासन ने दुर्घटना के बाद तत्काल राहत के लिए भी व्यवस्था बनाई है। यदि किसी मवेशी के साथ हादसा होता है तो आजीविका मिशन की ए-हेल्प पशु सखी मौके पर पहुंचकर प्राथमिक पशु उपचार उपलब्ध कराएगी। वहीं किसी व्यक्ति के घायल होने पर स्थानीय स्व-सहायता समूह और ग्राम पंचायत तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना देकर अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करेंगे।

ऐसा करने का उद्देश्य नेशनल हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना है। उनका कहना है कि इस मॉडल से सड़क हादसों पर अंकुश लगेगा और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि अस्थाई गौशालाओं के बनने से हाइवे के मवेशियों को वहां रखा जा सकेगा। हाइवे में मवेशियों की वजह से होने वाले सड़क हादसों में भी कम आएगी।

कारोबारी महेन्द्र गोयनका को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोलकाता पुलिस ने की कार्रवाई मिली दस दिन की रिमांड

नवभारत, कटनी। भाजपा विधायक संजय पाठक के परिवार की कंपनियों में करीब 1000 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में रायपुर के बिजनेसमैन महेंद्र गोयनका को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोलकाता पुलिस ने उन्हें दिल्ली से पकड़ा और अदालत में पेश करने के बाद 10 दिन की रिमांड पर लिया है।

यह मामला कटनी के विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक के परिवार की कंपनियों से जुड़ा है। आरोप है कि रायपुर निवासी महेंद्र गोयनका ने फर्जी दस्तावेजों और हस्ताक्षरों के जरिए पाठक परिवार की कई कंपनियों पर अवैध नियंत्रण हासिल करने की कोशिश की। करीब 1000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस के अनुसार गोयनका पहले पाठक परिवार की कंपनी यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में प्रबंधन से जुड़े पद पर कार्यरत था। आरोप है कि इसी दौरान उसने वित्तीय अनियमितताएं कीं और कंपनी का माल बेचकर बड़े पैमाने पर गबन किया। कोलकाता पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की है। महेंद्र गोयनका और उसके सहयोगियों के खिलाफ कटनी में भी जालसाजी के दो मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार इनमें से कुछ आरोपी लंबे समय से फरार हैं।

9 मई 2025 को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की मुंबई पीठ ने एक आदेश में महेंद्र गोयनका और उनकी पत्नी मीनू गोयनका से जुड़े वित्तीय गबन के आरोपों पर सख्त टिप्पणियां की थीं। इसके अलावा गोयनका की एक अन्य कंपनी निसर्ग इस्पात से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं के मामले भी जांच के दायरे में रहे हैं।

एक नजर में

आदतन अपराधी तीन महीने के लिए जिलाबदर

नवभारत, कटनी। जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के तेवरी गांव निवासी आदतन अपराधी राजुल उर्फ राहुल पिता प्रदीप उर्फ चंचू असाटी के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे आगामी 3 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश पारित किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। राजुल वर्ष 2017 से थाना स्लीमनाबाद क्षेत्र में निरंतर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध अब तक 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए जा चुके हैं, जिनमें मारपीट, गाली-गलौज, जुआ खेलने, जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। संबंधित प्रकरणों में विवेचना बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किए जा गए हैं, जो वर्तमान में विचाराधीन हैं। पुलिस द्वारा राजुल की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पूर्व में भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाईयां की गईं, लेकिन उसके आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ। क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी को 24 घंटे के अंदर जिले की सीमाओ से बाहर जाने का आदेश दिया है।

हर दिन लग रहा जाम, राहगीरों को हो रही परेशानी

उमरियापान में जाम की समस्या, कार्रवाई की मांग

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान नगर में इन दिनों आए दिन लगने वाले जाम से आमजन परेशान हैं। मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े किए जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। कई बार पूरे मार्ग पर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल राहगीरों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। व्यस्त समय में बाजार क्षेत्र में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे लोगों का समय तो बर्बाद होता ही है, साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। दुकानों के सामने और सड़क किनारे मनमाने ढंग से वाहन खड़े किए जाने के कारण आवागमन बाधित हो जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि बाजार क्षेत्र में नियमित यातायात व्यवस्था, नो-पार्किंग नियमों का सख्ती से पालन और पुलिस की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए, तो जाम की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। नगरवासियों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि मुख्य बाजार क्षेत्र में नियमित यातायात व्यवस्था लागू की जाए, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई की जाए तथा आवश्यक स्थानों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि लोगों को रोजाना जाम की समस्या से राहत मिल सके।

भगवान झूलेलाल चालिहा महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कटाएघाट में किया गया पूजन और अर्चन, भजन-कीर्तन भी हुआ

नवभारत, कटनी। भगवान श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव समिति द्वारा गुरुनानक वार्ड स्तिथ झूलेलाल मंदिर में मनाया जा रहा झूलेलाल चालिहा महोत्सव की श्रृंखला में 19 जुलाई प्रथम रविवार को सुबह 9 बजे से कटाए घाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना, भजन कीर्तन अखों पल्लव, आरती व दीपदान का आयोजन किया गया। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि 40 दिन की भक्ति, तपस्या और आस्था का अधबुध पर्व पर जल देवता से देश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पार उपस्तिथि भारी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच धर्ममय अद्भुत नजारा दिखा और भगवान श्री झूलेलाल जी के जय कारों से पूरा कटाई घाट भक्तिमय हो गया। अंत में परसाद वितरण के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मोहनलाल बत्रा, महेश बहलानी, अमर चेतवानी, हरीश बहलानी, अशोक कुमार बेसानी, नेवंद खूबचंदानी, नारायणदास वलेचा, मनोहर लाल बजाज, सुरेश गांधी, बसंत थारवानी, राजकुमार चेलानी, अमृत सेवलानी, मनोहर उधवानी, नानकराम खूबचंदानी, गायक नरेश चंदानी, बालचंद चेतवानी, अशोक आहुजा, हेमंत सखानी, वीरेंद्र लालवानी, अजय केसवानी, रवि मोटवानी जीके लालवानी, अमृत तनवानी, संजय खूबचंदानी, अमर पंजवानी, समस्त सिंधी भावरन व सुपर ग्रुप और सुहिंणा सिन्धी के सभी सदस्य, राजेश बनवारी, राजेश खूबचंदानी, महेश रावलानी, महेश रोचलानी, अशोक रिझवानी, अक्षत नागवानी, नरेश छाबड़ा, सुभाष गलानी, लख्मी भाटिया और काफी संख्या में श्रद्धालु की उपस्थिति रही।

श्मशान के लिए प्रस्तावित सरकारी भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा

तहसीलदार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमाझाल के अंतर्गत ग्राम कुदरिया में श्मशान के लिए प्रस्तावित सरकारी भूमि पर दबंग द्वारा अवैध रूप से कब्ज़ा करने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत ने इस संबंध में तहसीलदार ढीमरखेड़ा को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुदरिया स्थित खसरा नंबर 747 (रकबा 2.605 हेक्टेयर) सरकारी रिकॉर्ड में 'घास मद' में दर्ज है, जिसे श्मशान घोषित करने का मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। बीते 15 जून 2026 को राजस्व निरीक्षक (आर.आई.) द्वारा इस भूमि का बाकायदा सीमांकन भी किया जा चुका था। सरपंच प्रेमलता गौतम और सचिव हरभजन सिंह द्वारा तहसीलदार को सौंपे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि 15 जुलाई 2026 को ग्राम कुदरिया निवासी रामचन्द्र कुशवाहा (पिता विश्राम कुशवाहा) ने शासकीय भूमि पर जबरन मेढ़ बनाकर अवैध कब्ज़ा कर लिया है। इस मनमानी के कारण ग्रामीणों को अंतिम संस्कार और आम निस्तार में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत ने तहसीलदार से निवेदन किया है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पटवारी, आर.आई. और पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्ज़े को तुरंत हटाया जाए। साथ ही, भविष्य में विवाद रोकने के लिए भूमि पर अस्थायी रूप से तार फेंसिंग कराई जाए, ताकि श्मशान और आम निस्तार की भूमि सुरक्षित रह सके।

विकास शहर के दो वार्डों में 76 .50 लाख रूपए की लागत से होंगे कार्य, महापौर की उपस्थिति में कराया गया भूमिपूजन

शहर में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने सभी वार्डों में कराए जा रहे हैं विकास कार्य

नवभारत, कटनी। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर के श्री रामजानकीहनुमान वार्ड क्रमांक 18 एवं शिवाजी वार्ड में लगभग 76 .50 लाख की लागत से विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रागिनी मनोज गुप्ता और श्रीमती प्रभा गुप्ता सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से दोनों वार्डों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत श्री रामजानकीहनुमान वार्ड क्रमांक 18 में प्रेमनगर के पास लगभग 14 .11 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण एवं 13 लाख की लागत से आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। वहीं शिवाजी वार्ड में राधा रम्यानी कॉलोनी में लगभग 49 .39 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क, सुरक्षित आवागमन, सामुदायिक गतिविधियों के लिए आधुनिक भवन और बच्चों, महिलाओं के लिए सुसज्जित आंगनवाड़ी भवन की सुविधा प्राप्त होगी। इन कार्यों से दोनों वार्डों के अधोसंरचनात्मक विकास को मजबूती मिलेगी और नागरिकों के दैनिक जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकता आधारित विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रहा है। सड़क, नाली, सामुदायिक भवन और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार इसी सोच का हिस्सा है, ताकि नागरिकों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि नगर निगम का प्रयास प्रत्येक वार्ड का संतुलित, समावेशी और योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करना है। क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रागिनी मनोज गुप्ता और श्रीमती प्रभा गुप्ता ने वार्डों में विकास कार्यों के शुभारंभ पर महापौर और नगर निगम प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से अपेक्षित सुविधाएं प्राप्त होंगी और दोनों वार्डों के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में मेयर-इन-काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, सुरेंद्र गुप्ता पार्षद सीमा श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता सहित स्थानीय नागरिकों में पिंकी चौधरी, लक्ष्मी रैदास, सुदर्शन पटेल, सरोज पटेल, रामकृपाल सूर्यवंशी, गीता चौधरी, राजकुमारी चौधरी, दीपा गुप्ता, रुक्मणी ठाकुर, मीनाक्षी आशीष पाली सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

हॉस्टल पहुंची जांच टीम, खाद्य सामग्री और पानी की कराई जा रही जांच

नवभारत, कटनी। जिले के सरस्वाही स्थित माता शबरी कन्या शिक्षा परिषद में दूषित भोजन और पानी के कारण 11 से अधिक छात्राएं बीमार हो गई हैं। शनिवार से शुरू हुआ यह सिलसिला रविवार को भी जारी रहा, जब एक और छात्रा की हालत गंभीर हो गई। जिसका इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद अपर जिला पंचायत सीईओ सहित शिक्षा और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने हॉस्टल में पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रभावित छात्राओं को सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द की शिकायत है। मौके पर मौजूद डॉक्टरों की टीम ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह मामला दूषित पानी या खाना खाने का लग रहा है। हॉस्टल के पानी के स्रोत और रसोई से नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। छात्राओं के बीमार पड़ने से अभिभावकों में रोष है। अरविंद सिंह टेकाम के नेतृत्व में पीड़ित छात्राओं के माता-पिता और स्थानीय ग्रामीण विद्यालय परिसर के बाहर जमा हो गए हैं। उन्होंने हॉस्टल प्रबंधन और शिक्षा विभाग के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया है। परिजनों का आरोप है कि हॉस्टल में लंबे समय से साफ-सफाई और खान-पान को लेकर लापरवाही बरती जा रही थी, जिस पर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया।

प्रदर्शनकारी अभिभावक अरविंद सिंह टेकाम ने कहा कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती और हमारी बच्चियां पूरी तरह ठीक नहीं हो जातीं, हम धरना खत्म नहीं करेंगे। धरना प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा, परिजनों को समझाने का प्रयास किया गया। अधिकारियों का कहना है कि पहली प्राथमिकता सभी छात्राओं का समुचित इलाज सुनिश्चित करना है। लापरवाही बरतने वाले हॉस्टल प्रबंधन या वेंडर पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नव भारत

आवश्यकता है

देश के अनेक राज्यों में प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के **कटनी जिले** के लिये निम्न पद के लिये योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है-

पद की योग्यता

रिपोर्टर (पुरूष)

(3 वर्ष का अनुभव पत्रकारिता में एवं बीजेसी एवं एमजेसी)

संपर्क करें

कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर (दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक)

9752721239 hr@navabharat.com